आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए नई प्रक्रिया आज से शुरू होगी। मतदाताओं को अपना नाम सुनिश्चित करने के लिए एक महीने का समय दिया गया है ।
- सिक्किम के पी एम श्री विद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय एकीकरण यात्रा के तहत उप–राज्यपाल से मुलाकात की।
- मध्योत्तर अंडमान में सुनामी और चक्रवात आपदा पर अंतर राज्यीय मॉक ड्रिल आज–पोकाडेरा, करमाटांग, एरियल बे सहित कई स्थानों पर होगी मॉक ड्रिल एक्सरसाइज।
- अंडमान कॉलेज और सी आर सी ने मिलकर स्वस्थ दृष्टि पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

<><><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अंडमान निकोबार द्वीप समूह में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान आज से शुरू हो रहा है। इस अभियान के तहत नौ दिसम्बर को मसौदा निर्वाचक नामावली प्रकाशित की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार आज से 4 दिसम्बर तक बी.एल.ओ. घर–घर जाकर नामांकन प्रपत्र वितरित करेंगे। मतदाताओं को केवल प्रपत्र भरकर लौटाना होगा, कोई दस्तावेज जमा नहीं करना है। इस बार एक नया प्रावधान जोड़ा गया है, जिसके तहत मतदाताओं को अपने या अपने माता–पिता के नाम को 2002 की नामावली से लिंक करना होगा। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

><><><><><><>

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि 7 नवम्बर को भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में बड़ी संख्या में हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे। नई दिल्ली में उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवाओं में हॉकी के प्रति रुचि बढ़ाना है। इस अवसर पर नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में केंद्रीय मंत्री एकादश और हॉकी इंडिया की मिक्स्ड एकादश के बीच आधे घंटे का प्रदर्शनी मैच भी खेला जाएगा ।

><><><><><><>

गांधीनगर में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुजरात की सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले निर्माण परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने कहा कि भारत की पहली पूर्णरूप से कार्यात्मक सेमीकंडक्टर चिप को समय पर उपलब्ध कराना केंद्र और राज्य सरकारों की साझा जिम्मेदारी है। बैठक के बाद श्री वैष्णव ने अहमदाबाद में हाई–स्पीड रेलवे स्टेशन स्थल का निरीक्षण किया और अहमदाबाद रेलवे स्टेशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि बुलेट ट्रेन के स्टेशन लगभग तैयार हैं और इन्हें अहमदाबाद रेलवे स्टेशन के साथ एकीकृत किया जा रहा है।

><><><><><>

पीएम श्री सरकारी उच्च विद्यालय, सिक्किम राज्य के बीस विद्यार्थियों के एक दल ने 'राष्ट्रीय एकीकरण यात्रा के अंतर्गत कल राज निवास में उप राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात की। यह यात्रा भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सद्भावना' के तहत आयोजित की गई है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देना है।

><><><><><>

विम्बर्लीगंज के ब्लॉक प्रोजेक्ट कार्यालय की ओर से हाल ही में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल विम्बर्लीगंज में विज्ञान एवं गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक तीन श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा प्रथम स्थान पाने वाले छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने शैक्षिक अंचल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

><><><><><>

दक्षिण अंडमान के समग्र शिक्षा अभियान के तहत पहला ब्लॉक स्तरीय समावेशी खेलकूद महोत्सव सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भातुबस्ती के स्कूल मैदान में शुरू हुआ। इस अवसर पर शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने महोत्सव का उद्घाटन करते हुए विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को खेलों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। दो दिवसीय यह आयोजन समान अवसर, सहभागिता और समावेशिता को बढ़ावा देगा।

><><><><><>

केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अधीन होमियोपैथी क्लिनिकल रिसर्च यूनिट ने पिछले दिनों राष्ट्रीय होम्योपैथिक फार्मा–कोविजिलेंस कार्यक्रम–2025 का आयोजन किया। फ्रॉम अवेयरनेस टू एक्शन –

वन क्लिक सीक्योर्स योर सेफ्टी, जिसमें औषधि सुरक्षा और रिपोर्टिंग प्रणाली विषय पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। कार्यक्रम में 56 चिकित्सकों ने भाग लिया।

><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन की ओर से आज सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक अंतर–राज्यीय संयुक्त मॉक अभ्यास किया जाएगा। इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा प्रबंधन, आपसी तालमेल और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को परखना है। मॉक ड्रिल पोकाडेरा जेट्टी, करमाटांग गांव, एरियल बे जेट्टी, एलसीटी जेट्टी दुर्गापुर, निम्बुतला और नीलाम्बुर में आयोजित की जाएगी। नागरिकों से कहा गया है कि अभ्यास के दौरान सायरन या आपातकालीन गतिविधियों से घबराएं नहीं।

><><><><><>

अंडमान कॉलेज और कम्पोजिट रीजनल सेंटर ने कल "द आई–टेक बैलेंसः डिजिटल युग में स्वस्थ दृष्टि" विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विश्व दृष्टि दिवस और व्हाइट केन सुरक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार ने कार्यक्रम का उद्‌घाटन कर उपस्थिति को संबोधित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में दृष्टि की देखभाल, अत्यधिक स्क्रीन समय के प्रभाव और दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए सुरक्षा और समावेशिता को बढ़ावा देना था। CRC की टीम ने के. वेंकट रमण, जी. अशोक, और डॉ. पी. प्रभु के नेतृत्व में विद्यार्थियों को जागरूक किया।

><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण की विस्तृत प्रक्रिया और समय–सारणी साझा की।

><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से 8 नवम्बर को सुबह 10 बजे गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायत में जागरूकता–सह–पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में निर्माण श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी और मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

><><><><><>

अंडमान–निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड ने अपने कोर बैंकिंग सिस्टम को अपग्रेड करने के कारण सेवाएँ अस्थायी रूप से बंद रखने की घोषणा की है। ये सेवाएं आज शाम आठ बजे तक और छह नवम्बर को दोपहर दो बजे तक बंद रहेंगी। कार्य पूरा होते ही सामान्य सेवाएँ पुनः प्रारंभ कर दी जाएँगी।

><><><><><>

पशुपालन विभाग की ओर से जोगिंदर नगर और कैम्पबेल बे में कृत्रिम गर्भाधान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने कहा कि  कृत्रिम गर्भाधान से दुग्ध उत्पादन और पशु गुणवत्ता में वृद्धि होती है। ग्राम पंचायतों ने सभी बेसहारा 'स्क्रब' सांडों का बधियाकरण करने का निर्णय लिया, ताकि व्यवस्थित प्रजनन को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम में कैम्पबेल बे के प्रधान ई.एस. राजेश सहित कई डेयरी किसान उपस्थित थे।

><><><><><>

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के तहत विभागीय कर्मचारियों के लिए भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में अधिकारियों ने पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण पर व्याख्यान दिए। कर्मचारियों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

><><><><><>

मौसम विभाग के अनुसार आज और कल द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। उत्तर अंडमान सागर में समुद्र की स्थिति खराब रहने की चेतावनी दी गई है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

><><><><><>